तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

11 200 मीटर रेस में उषा और हर्ष 400 मीटर में विकास रहा



12 सीएम से मिलने पर शुरू हुआ था कार्य, सेक्टर-4 ...



# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आज सजेगा कवियों का मंच

## ओज, हास्य व्यंग्य, हास्य रस, गीतों की प्रस्तुति देंगे रचनाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दैनिक हरिभूमि द्वारा शनिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के जाने माने रचनाकार ओज, हास्य व्यंग्य, हास्य रस, गीतकार और शायर अपनी प्रस्तुति देंगे।

हर साल होली पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जाता है। ये पंद्रहवां कार्यक्रम है। सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए दैनिक हरिभूमि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

**सांस्कृतिक संगम:** यह कार्यक्रम सांस्कृतिक संगम को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कवि डॉ. हरिओम पंवार अपनी ओज रचनाएं सुनाकर लोगों में जहां देशभक्ति का जज्बा पैदा करेंगे, वहीं सुदीप भोला हास्य व्यंग्य से, महेश गर्ग बेधड़क हास्य रंग, मुमताज नसीम गीतों से रणजीत सिंह चौहान शायरी और मोहन दलाल हरियाणवी हास्य से दर्शकों की वाहवाही लूटेंगे।

### डॉ. हरिओम पंवार



वीर रस के सबसे प्रसिद्ध और सबसे वरिष्ठ कवि हैं जो देश की मूलभूत समस्याओं पर अपनी कलम चलाते हैं। ये कवि इतने प्रसिद्ध है कि देश की सरकारें भी इनसे डरती हैं और इनके द्वारा लिखी गई कविताओं पर विचार करती है।

### सुदीप भोला



हास्य और वीर रस में लोगों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। सुदीप भोला अपने ओजस्वी काव्य पाठ से कवि सम्मेलन में एक नई ऊर्जा का संचार कर देते हैं। कवि सम्मेलन में वीर रस की कविताओं से जोश भरेंगे।

### महेश गर्ग



अपने किस्सों और शेरों से हास्य रस की बौछार करते हैं। श्रोताओं को खूब हंसाते हैं। पति-पत्नी पर इन्होंने खास हास्यास्पद रचनाएं तैयार की हैं। कविताओं से समाज को सार्थक संदेश देने के लिए जाने जाते है।

### मुमताज नसीम



मुमताज नसीम कवि सम्मेलन की अग्रिम पंक्ति की कवयित्री हैं। वह मंच पर ग़ज़ल, गीत और नज़्म प्रस्तुत करती हैं। जब वह माइक पर खड़ी होती हैं तो वातावरण में ऊर्जा भर देतीं हैं।

### रणजीत सिंह चौहान



एक शायर/कवि के रूप में जाने जाते हैं, जो अपनी दिलनशीं शायरी के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी शायरी में यह भी नहीं कि जिंदा हैं, यह भी नहीं कि मर गए जैसी पंक्तियां काफी मशहूर हैं।

### मोहन दलाल



हरियाणवी हास्य के अब परिचायक बन चुके हैं। छोरियां के कॉलेज म छा गया देशी छोरा-छोरियां नै मारी किलकी पै किलकी इनकी प्रमुख रचना है। जब ये नंगडां कै ब्याह दी की प्रस्तुति देते हैं तो दर्शक खूब वाहवाही करते हैं।

## कम्पनी का लैब टैस्टिंग में 30-40% कम गैस खपत का दावा, रोहतक में फील्ड स्टडी शुरू

एलपीजी से सस्ता खाना तैयार करेगी पीएनजी

# लैब के बाद अब रसोई में होगी चूल्हे की परीक्षा

## बीपीसीएल 300 चूल्हे बांट चुका, 700 और देगा

**शहर में तकरीबन 11000 ग्राहकों के यहां पीएनजी से पक रहा है खाना**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

शहर के कई सेक्टर समेत दूसरे इलाकों में इस समय भारत पट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पाइप नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई दे रहा है। इस समय तकरीबन 11000 ग्राहकों के यहां पीएनजी से खाना पक रहा है। अब बीपीसीएल ने अपना गैस स्टोव भी बनाया है। कंपनी का दावा है कि हमारा चूल्हा गैस की खपत साधारण चूल्हे से 30-40 प्रतिशत कम करता है। ये दावा कंपनी ने चूल्हे की लैब टैस्टिंग करने के बाद किया है। अब चूल्हे का रसोई में टेस्ट किया जाएगा कि यह दूसरों चूल्हों की बजाय वास्तव में गैस की खपत कम करता है या नहीं। विभिन्न ग्राहकों के यहां कंपनी ने फ्री में 300 चूल्हे लगाकर खपत का डाटा एकत्रित करना शुरू कर दिया है। तकरीबन एक साल तक कंपनी के इंजिनियर डाटा का अध्ययन करेंगे। इसके बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि बीपीसीएल का अपना गैस स्टोव गैस की कितनी खपत करता है। मालूम हो कि इस समय सेक्टर 1, 2, 3, 4, 14, 34, 35, 36, 36 ए समेत रामगोपाल कॉलोनी,मॉडल टाऊन और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पीएनजी की सप्लाई हो रही है।



### चूल्हा चेंज का मिलेगा ऑप्शन

अगर साधारण चूल्हों की बजाय बीपीसीएल के चूल्हे पीएनजी की खपत कम करेंगे तो फिर कंपनी उपभोक्ताओं को उनके चूल्हे बदलवाने का ऑप्शन देगी। लेकिन यह तय है कि कंपनी मुफ्त में चूल्हे नहीं लगाएगी। इस बारे में कंपनी प्रबंधन में उच्च स्तर पर ऐसी चर्चाएं हैं। ये उपभोक्ता पर निर्भर रहेगा कि वह बीपीसीएल का चूल्हा लगवाए या नहीं। प्रबंधन का दावा है कि पीएनजी से खाना एलपीजी की बजाय सस्ता बनता है।

### साधारण की बजाय हमारे चूल्हे कम गैस कर रहे हैं खपत

कंपनी ने खपत को लेकर लैब में चूल्हे की टैस्टिंग की थी। टैस्टिंग में साधारण चूल्हे की बजाय हमारे चूल्हे ने 30-40 प्रतिशत कम गैस का प्रयोग किया। अब हम रसोई घर में चूल्हे की खपत टेस्टिंग करेंगे। इसके लिए 300 उपभोक्ताओं के फ्री में चूल्हे स्थापित कर दिए हैं। 700 और लगेंगे। मुफ्त में चूल्हा हम उन पुराने ग्राहकों के यहां लगा रहे हैं, जिन्होंने बिल का भुगतान समय से भी पहले किया है। *-प्रदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता, बीपीसीएल रोहतक प्रोजेक्ट*

### ये भी जानें

- एलपीजी के 367851 कनेक्शन
- पीएनजी के अभी तक 13 हजार, एक्टिव साढ़े ग्यारह हजार
- 6000 रुपये में होता है कनेक्शन
- पीएनजी से पका खाना एलपीजी की बजाय ज्यादा पौष्टिक

### पीएनजी का कैलोरी मान 9500 किलो कैलोरी/ किग्रा.

बीपीसीएल जो अपना गणित बता रही है, उसके अनुसार एलपीजी का कैलोरी मान 11500 किलो कैलोरी/ किग्रा है, जबकि पीएनजी का कैलोरी मान 9500 किलो कैलोरी/ किग्रा.है। ऊष्मीय मान किसी ईंधन या भोजन की वह मात्रा है, जो उसके इकाई द्रव्यमान (1 किलोग्राम या 1 जी) के पूर्ण दहन (जलाने) से उत्पन्न ऊष्मा ऊर्जा को दर्शाती है। यह ऊर्जा की दक्षता का मापक है। जिसे सामान्यतः किलो जूल प्रति किलोग्राम में मापा जाता है। उच्च कैलोरिफिक मान बेहतर दक्षता को दर्शाता है। इस हिसाब से देखें तो एलपीजी के उष्मा वैल्यू ज्यादा है। एलपीजी से खाना बनाया जाता है कुछ उष्मा बर्बाद हो जाती है। पीएनजी कम उष्मा पैदा करती है तो खाना सहज-सहज बनता है, ऐसे में धीरे-धीरे पके खाने में पौष्टिकता ज्यादा होती है।

## केमेस्ट्री विभाग में उन्नत स्पेक्ट्रोस्कोपी पर प्रभावी व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में कार्बनिक संरचनाओं के विश्लेषण विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. परवीन कुमार (केमिस्ट्री विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह एवं शिक्षकों द्वारा मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ व पौधा भेंट कर अभिनंदन करने से हुआ। प्रो. परवीन कुमार ने आधुनिक स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों प्रोटॉन एनएमआर, कार्बन-तेरह एनएमआर, अवरक्त स्पेक्ट्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन आयनीकरण द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमेट्री तथा उच्च विभेदन द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमेट्री के समन्वित उपयोग द्वारा जटिल कार्बनिक संरचनाओं के समाधान की क्रमबद्ध एवं तार्किक विधि स्पष्ट की। एनएमआर रासायनिक विस्थापन पर विद्युत ऋणात्मकता के प्रभाव, अवरक्त स्पेक्ट्रा में कार्बोनिल बैंड की पहचान, तेरह का नियम तथा द्विबंध समतुल्य की गणना जैसे सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

## अचानक कुत्ता आने से गाड़ी अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराई

# जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, पंजाब के दो युवकों की मौत

**लखनऊ से शादी समारोह से लौट रहे थे 4 लोग, दो घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पंजाब के दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर उस समय हुआ जब चार युवक लखनऊ से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। अचानक सामने आए कुत्ता को बचाने के प्रयास में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतकों की पहचान पंजाब के संगरूर जिले के चीमा गांव निवासी विक्रम सिंह और गुरचेत सिंह के रूप में हुई है। हादसे के समय वाहन में कुल चार लोग सवार थे। दुर्घटना के तुरंत बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया।




### दो युवकों का पीजीआई में चल रहा इलाज

घायलों को पीजीआई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद विक्रम सिंह और गुरचेत सिंह को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो युवकों का इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### खुशियां मातम में बदलीं

पलभर में खुशियां मातम में बदल गई। परिवार के लोग अभी तक इस घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। एक खुशहाल अवसर से लौटते समय हुई इस दुर्घटना ने परिवारों को सदमे में डाल दिया है।




# सत्यवान मर्डर केस में दो आरोपी और गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने खरावड़ आउटर बाईपास के पास सत्यवान पर गोली चलाकर अपहरण और हत्या की साजिश रचने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई गई। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और साजिश के अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। 26 फरवरी 2026 को उप निरीक्षक सुखबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर सुशील पुत्र सुखबीर और अजय पुत्र जगदीश, निवासीगण खेड़ी साध को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी सत्यवान हत्या की साजिश में शामिल थे। उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि वारदात की पूरी कड़ी को जोड़ा जा सके।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

# दीपू हत्याकांड में मुख्य आरोपी धर दबोचा

**रोहतक।** सांपला में हुए दीपू हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि घटना आपसी विवाद के चलते हुई, जिसकी कड़ियों को जोड़ा जा रहा है। जांच के दौरान संदेह सिकन्दर पर गहराया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर 26 फरवरी 2026 को आरोपी सिकन्दर पुत्र रामशिश, मूल निवासी कोलकाता, हाल किरायेदार सांपला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से फरार होने की फिराक में था। गिरफ्तार आरोपी से वारदात के पीछे के कारणों की जानकारी जुटाने में लगी है।



■ बुधवार को सिर में सिलेंडर मारकर की थी हत्या

## गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में हुआ स्क्रीनिंग कंपीटिशन, रजिस्ट्रार से मिले विद्यार्थी

# मेंटल हेल्थ विषय पर सुपवा के छात्रों की 'रील और शॉर्ट फिल्म' ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में हुए रील एवं शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग कंपीटिशन में दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। दोनों ही कैटेगिरी, रील व शॉर्ट फिल्म में सुपवा के छात्रों की एंट्री विजेता घोषित हुई। कंपीटिशन का आयोजन 'समन्वय-2026 अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संगम - अनुसंधान और अभ्यास के लिए सहयोग' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दौरान किया गया। आयोजन गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के साइकोलॉजी विभाग ने इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसिस, नई दिल्ली (इबहास) व गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर किया। तीसरे दिन रील एवं शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग काम्पिटिशन कराया गया, जिसमें एफटीवी के डायरेक्शन बैच 2022 से छात्र हरदीप सिंह खुंडिया की बनाई रील ने प्रथम स्थान हासिल किया।



**रोहतक।** विद्यार्थियों के साथ रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा।

### ओवरथिंकिग स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक

इसमें दिखाया गया कि परिवार को संभालते-संभालते मानसिक अस्वस्थता एक ग्रहणी को भी हो सकती है और हेल्पलाइन पर अपनी समस्या व भावनाओं की काउंसलिंग लेकर स्वस्थ हो सकते हैं। इस बातचीत व काउंसलिंग को गोपनीय रखा जाता है। वहीं, विजुअल आर्ट्स डिपार्टमेंट के फर्स्ट ईयर फाउंडेशन के छात्र मयंक सिंह द्वारा बनाई शॉर्ट फिल्म ने भी पहला स्थान हासिल किया। इसमें बताया गया कि कई बार ओवरथिंकिग मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थी इंटर्नशिप का लाभ उठाएं : सांगवान

**रोहतक।** मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम क्रियान्वित की जा रही है। विद्यार्थी इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाए। सांगवान शुक्रवार को व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत फ्रेशर युवाओं के रोजगार देने पर न प्रतिमाह तीन हजार रूपए तक राशि प्रदान की जाएगी व नए कर्मचारियों को भी 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस को गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 1147 खंडित तिरंगे नगर निगम को सौंपे

**रोहतक।** 'मेरा झंडा मेरी शान' अभियान के तहत रोहतक के विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानपूर्वक एकत्रित किए गए 1147 से अधिक खंडित तिरंगे नगर निगम रोहतक में निष्पादन हेतु सौंपे गए। नोडल अधिकारी विपिन नरवाल की अनुपस्थिति में निगम कर्मचारी संदीप सैनी को तिरंगे सौंपे गए। इससे पूर्व अध्यक्ष विकास बंसल एवं निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा से भी मुलाकात की गई। दोनों अधिकारियों से खंडित तिरंगों को संभालने की अपील की गई।

# समस्याओं के प्रभावी निपटारे के लिए नई प्रक्रिया शुरू, कॉलिंग सेल स्थापित होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निपटारे के लिए स्थानीय स्तर पर नई प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला में कॉलिंग सेल स्थापित किया जाएगा, ताकि नागरिकों की शिकायतों के निपटारे बारे स्थानीय स्तर पर फीडबैक लिया जा सके तथा उनकी समस्याओं का उचित समाधान हो सके। इससे समस्याओं का स्थाई समाधान होगा। डीसी गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअली समीक्षा बैठक के दौरान रोहतक जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी निपटारे के लिए शुरू किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की गई। समाधान समीक्षा बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिक केन्द्रित समस्याओं के जल्द निपटारे के लिए निरंतर कार्य किया




**रोहतक।** लघु सचिवालय में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअली समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

जा रहा है। डीसी ने कहा कि शहर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संयुक्त प्रयासों से आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल आपूर्ति की योजना तैयार करें ताकि नागरिकों को पर्याप्त व शुद्घ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिक केन्द्रित सभी मुदें पर प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निपटारे के समय संबंधित नागरिक से संवाद अवश्य करें तथा उन्हें विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी देकर संतुष्ट करें।सचिन गुप्ता ने समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडों, सीपीग्राम्स एवं एसएमजीटी पोर्टल की लम्बित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी इन सभी पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का तुरंत उचित समाधान करवाएं। सरकार द्वारा नियमित अंतराल पर इन शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है। सभी अधिकारी पोर्टल पर मिली शिकायत यथाशीघ्र निपटारा करें।

**मीटिंग में ये रहे मौजूद**

नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक गुलाब सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, कार्यकारी अभियंता संजीव एवं संदीप सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमाण्डर गौरिका सुहाग मीटिंग में मौजूद रही।

# काम के लिए सड़कों पर उतरे मनरेगा मजदूर

प्रदर्शनकारियों ने पानीपत रिफाइनरी में आंदोलन कर रहे मजदूरों की सभी मांगों का समर्थन किया

## सरकार ने मनरेगा खत्म कर अधिकारों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और मनरेगा व मेट यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को मजदूरों ने प्रदर्शन करके काम की मांग की। इससे पूर्व मानसरोवर पार्क में हुई सभा में घड़ौठी गांव के मनरेगा मजदूरों के हुई दुर्घटना के मामले में न्याय की मांग को उठाया। पानीपत रिफाइनरी में आंदोलन कर निर्माण मजदूरों की सभी जायज मांगों का समर्थन भी प्रदर्शनकारियों ने किया।

■ एक साल से मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल रहा काम

प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए यूनियन के राज्य उप प्रधान रामचंद्र बैंसी ने बताया कि पिछले 1 साल से मनरेगा मजदूरों को कोई काम नहीं मिल रहा है। मनरेगा के तहत गत 6 दिसंबर को डोभ के मजदूरों ने ग्राम पंचायत और 6 जनवरी को बैंसी, चिड़ी, खरैन्टी आदि के मजदूरों ने खण्ड विकास एवं पंचायत



**रोहतक।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को ज्ञापन देते अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और मनरेगा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अधिकारी लाखन माजरा के नाम सहायक रोजगार खण्ड अधिकारी पवन कुमार को आवेदन जमा करवाए थे। अभी तक मजदूरों को कम नहीं दिया गया।

**साल में 200 दिन मिले काम**

सभा को संबोधित करते हुए सीटों के जिला प्रधान प्रकाश चंद्र ने कहा कि सरकार ने मनरेगा को खत्म करके मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया है। मजदूरों के हित में बी ग्राम जी को रद्द करके मनरेगा को मजबूत बनाते हुए साल में 200 दिन काम व प्रतिदिन 800 रूपये दिहाड़ी दी जाए। चंद्र ने कहा कि घडौठी मनरेगा मजदूरों के साथ हुई दुर्घटना में दर्जनों मजदूर घायल हुए थे। इस मामले में भी प्रशासनिक अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। इस दुर्घटना की न तो कोई जवाबदेही तय की गई और नही प्रभावित मजदूरों को कोई मुआवजा दिया गया है।

**इन्होंने किया संबोधित**

इस मौके पर मजदूर नेता कमलेश लाहली व खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के ब्लॉक प्रधान दिलबाग सिंह ने कहा कि श्रमिकों की मांग को लेकर प्रशासन हमेशा से ही असंवेदनशीलता दिखाता रहा है। सभा के बाद मानसरोवर पार्क से लघु सचिवालय तक प्रदर्शन किया। और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन को खेत मजदूर नेता संदीप सिंह, सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह व सुनील चिड़ी,सुमन, राजबाला, कृष्णा,रोहतास, जिले सिंह ने संबोधित किया।



**रोहतक।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते जाट संस्था बचाओ समिति आठगामा तपा बोहर, राष्ट्रीय जाट महासभा व जाट सभा रोहतक के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# जाट संस्था में अनियमिताओं की जल्द होगी उच्च स्तरीय जांच : नांदल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर में जाट संस्था बचाओ समिति आठगामा तपा बोहर, राष्ट्रीय जाट महासभा व जाट सभा रोहतक का एक प्रतिनिधिमंडल ने एडवोकेट चंचल नांदल की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की व जाट संस्थाओं में हो रही अनियमिताओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को एक शिकायत पत्र सौंपा जिसमें की जाट शिक्षण संस्था रोहतक में हो रही अनियमिताओं नीमिताओं के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय जाट महासभा व जाट सभा रोहतक ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव पास करके दिया की जाट संस्थानों को यूनिवर्सिटी बना दिया जाए। इस पर भी मुख्यमंत्री ने पॉजिटिव तरीके से विचार करने का आश्वासन दिया। चंचल नांदल ने साथ ही मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि सारे मामले की उसे स्तरीय जांच कराई जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने इस सारे मामले की जल्द जांच कराने आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जाट संस्था बचाओ समिति के अध्यक्ष एडवोकेट चंचल नांदल, आठगामा तपा बोहर के प्रधान रणबीर नांदल, सचिव ऋषिपाल बालोठ, महेंद्र प्रताप गुलिया, विरेंद्र गुलिया व कृष्ण पहलवान समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

■ मुख्यमंत्री को सौंपा अनियमिताओं पर विस्तारपूर्वक शिकायत पत्र

# जतिन, दीपांशी, मनदीप, अंजली व चंचल विस स्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मेरा भारत युवा केंद्र रोहतक एवं पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 50 इयर्स ऑफ इमरजेंसीः लेसन फॉर द डेमोक्रेसी। इस प्रतियोगिता में जतिन,दीपांशी गिल , मनदीप अंजली भारद्वाज तथा चंचल शर्मा विजेता रहे। विजेता आगामी विधानसभा स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न



**रोहतक।** विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि नवनीत राठी अध्यक्ष ब्लॉक समिति महम व प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान। फोटो : हरिभूमि

महाविद्यालयों से लगभग 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को"विकसित भारत युवा पार्लियामेंट" जैसे मंचों के लिए तैयार करना है। मुख्य अतिथि नवनीत राठी ने अपने संबोधन में युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



## न झुकना है न झुकाना है, बस बिटिया आगे बढ़ते जाना है, बेटियों की आत्मनिर्भरता और संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

**रोहतक।** कृपाल नगर स्थित विरासत आर्ट गैलरी में स्पंदन संस्था के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गैलरी संचालक वंदना वर्मा ने की, जबकि मंच संचालन डॉ. निधि राठी ने किया। काव्य गोष्ठी में कवियों ने सामाजिक सरोकारों, बेटियों की आत्मनिर्भरता और हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी। युवा कवि अनीश ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का आह्वान किया। डॉ. निधि राठी ने घर-परिवार से दूर रह रही लड़कियों के अकेलेपन की पीड़ा को मार्मिक शब्दों में व्यक्त किया। मुख्य अतिथि एकता कोचर रेलन ने अपनी कविता के माध्यम से संदेश दिया—"ना झुकना है ना झुकाना है, बस बिटिया आगे बढ़ते जाना है।" उन्होंने कहा कि बेटियों को विवाह से पहले आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम में मोबाइल और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के प्रभावों पर भी विचार-विमर्श हुआ। आयोजन ने साहित्य के प्रति युवाओं के बढ़ते रुझान को सकारात्मक संकेत बताया।

# कच्चा बेरी रोड अंडरपास पर विधायक बत्रा का प्रदेश सरकार से सीधा सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

विधायक भारत भूषण बत्रा ने विधानसभा में कच्चा बेरी रोड स्थित रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर प्रस्तावित अंडरपास का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या निर्माण प्रस्ताव पर अंतिम मंजूरी मिल चुकी है, कितनी राशि स्वीकृत हुई है और कार्य कब तक शुरू होगा। सरकार की ओर से रणबीर गंगवा ने जवाब दिया कि अंडरपास का सामान्य रेखाचित्र रेलवे द्वारा 8 जनवरी 2021 को मंजूर किया जा चुका है तथा 1346.60 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके बाद टेंडरिंग होगी। मंत्री ने आश्वस्त किया कि काम जल्द शुरू होगा। बत्रा ने कहा कि अंडरपास न होने से लोगों, दुकानदारों और श्मशानघाट जाने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने समय सीमा निर्धारित कर कार्य शुरू करने की मांग की। साथ ही बत्रा ने विश्वविद्यालयों के 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए 'सर्विस सिक्योरिटी बिल' लाने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मेरिट पर वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को नियमित कर रोजगार सुरक्षा दी जानी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रस्ताव विचाराधीन है।

विधानसभा में उठाया मामला समय सीमा तय कर काम शुरू करवाएं



**रोहतक।** विधायक भारत भूषण बत्रा।



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करवाते मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. परवीन मल्होत्रा।

## मोटापे के दुष्प्रभाव व स्वास्थ्य जटिलताओं पर संगोष्ठी

**रोहतक।** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मोटापा स्वस्थ जीवन के लिए खतरा एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से इसका समाधान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रभावी आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य लोगों को मोटापे से उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य अतिथि डॉ. परवीन मल्होत्रा ने अपने व्याख्यान में आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते मोटापे के दुष्प्रभाव, इसके कारणों, स्वास्थ्य जटिलताओं एवं बचाव उपायों पर प्रकाश डाला। प्रो. एस. सी. मलिक ने विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# तकनीकी ज्ञान और साइबर सुरक्षा के प्रति हों जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में आईक्यूएसी के तत्वावधान में छात्राओं के लिए द्वारा संचालित के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से साइंस एवं कॉमर्स विभाग की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) तथा साइबर सिक्योरिटी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कंप्यूटर विभाग के प्राध्यापक जोगिंदर सिंह के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राहुल राजपूत ने वास्तविक कार्यस्थल पर तकनीकी कौशल के महत्व को समझाया। उन्होंने भविष्य में ए.आई. की बढ़ती भूमिका और करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही, साइबर खतरों के प्रति जागरूक रहने और डिजिटल सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उप-प्राचार्या अनीता अमानी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए ए.आई. और साइबर सिक्योरिटी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान और साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्राएं भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

महिला कॉलेज में एआई व साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।



## वन विभाग से विमला देवी सेवानिवृत्त, किया सम्मानित

**रोहतक।** वन विभाग, मध्य परिमंडल से विमला देवी सहायिका शुक्रवार को सेवानिवृत हो गई। इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन्हें विदाई दी गई। आईएफएस कंजरवेटर ऑफ़ फॉरेस्ट रंजीता एम.एच., डेप्युटी कंजरवेटर ऑफ़ फॉरेस्ट सुंदर सुंदरलाल और उप अधीक्षक देवेंद्र बल्हारा ने विमला देवी को शाल, माइक्रोवेव, डिनर सेट, कंबल, मिक्सर जूसर जैसे उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता जसबीर धनखड़ ने उनके कार्यकुशलता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा, विमला की कार्यशैली और समर्पण उनके सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्पद रही है। वन कर्मियों का कर्तव्य है कि वे पेड़-पौधों, वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करें।

**दौरा** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा उदयपुर

# महालक्ष्मी मंदिर की दीवारों पर उकेरे जाएंगे अष्टलक्ष्मी के भव्य डिजाइन

अक्टूबर तक पूरा होगा मंदिर का निर्माण कार्य, भव्य धरोहर के रूप में होगा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल ट्रस्ट चेयरमैन राजेश जैन के मार्गदर्शन में राजस्थान के ऐतिहासिक शहर उदयपुर पहुंचा। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य निर्माणाधीन महालक्ष्मी मंदिर को भव्य एवं आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करना है। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर की दीवारों पर अष्टलक्ष्मी की आकर्षक और पारंपरिक नक्काशी (कार्विंग) करवाने के लिए विभिन्न अनुभवी वेंडर्स और कारीगरों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, आर्किटेक्ट वी. के. जैन, सुशील गुप्ता तथा दीक्षित गोयल विशेष रूप से शामिल रहे।



**रोहतक।** वेंडर्स और कारीगरों से मुलाकात करते ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, आर्किटेक्ट वी. के. जैन, सुशील गुप्ता तथा दीक्षित गोयल । *फोटो : हरिभूमि*

**अष्टलक्ष्मी की नक्काशी से सजेगा मंदिर परिसर**

ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल ने बताया कि रोहतक में बन रहा यह पहला भव्य महालक्ष्मी मंदिर होगा, जिसे आकर्षक और दिव्य स्वरूप दिया जा रहा है।। मंदिर की दीवारों पर अष्टलक्ष्मी के विभिन्न स्वरूपों की सुंदर कार्विंग करवाई जाएगी।

**मूर्ति का ऑर्डर जयपुर में, मार्च में पहुंचेगी रोहतक**

अध्यक्ष नरेश गोयल ने बताया कि महालक्ष्मी की मूर्ति का ऑर्डर जयपुर में पहले ही दिया जा चुका है। यह भव्य मूर्ति मार्च में पहुंचने की संभावना है। महाराजा अग्रसेन की विशाल प्रतिमा भी तैयार की जा रही है, जो मार्च में आने की उम्मीद है।

**अक्टूबर तक पूर्ण होने की उम्मीद**

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ट्रस्ट के अनुसार मंदिर निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारंपरिक सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक प्रेरणादायी और भव्य धरोहर के रूप में स्थापित हो सके।

# सात दिन से लापता युवक का सुराग नहीं, परिवार चिंतित

■ घरेलू विवाद के बाद घर से निकला, पुलिस ने शुरू की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गांव कबूलपुर का 28 वर्षीय युवक पिछले सात दिनों से लापता है। घरेलू कहासुनी के बाद घर से निकले युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजन उसकी सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं, वहीं अनहोनी की आशंका से परिवार का माहौल चिंता और बेचैनी से भरा हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार गांव कबूलपुर निवासी जयभगवान पुत्र चंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके तीन बेटे हैं और तीनों की शादी हो चुकी है। सबसे छोटा बेटा तरुण (28) गांव में ही हार्डवेयर की दुकान चलाता है। उसकी शादी सोनीपत में हुई है और वह परिवार के साथ ही गांव में रहता था।जांच अधिकारी एसआई धन्नाराम ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और युवक की संभावित लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**सुबह की कहासुनी बनी घर छोड़ने की वजह**

परिजनों ने बताया कि 20 फरवरी की सुबह तरुण को रोज की तरह जल्दी उठकर दुकान पर जाने के लिए कहा गया था। बताया जा रहा है कि उस दिन वह देर तक सोता रहा, जिस पर उसके पिता ने उसे आवाज लगाई। इसी बात को लेकर तरुण नाराज हो गया और घर में हल्की कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर वह कुछ सामान लेकर घर से निकल गया। उस समय किसी ने नहीं सोचा था कि बात इतनी बढ़ जाएगी कि वह कई दिनों तक वापस नहीं लौटेगा। लेकिन जब दो-तीन दिन बीतने के बाद भी उसका कोई फोन या संदेश नहीं आया, तो चिंता बढ़ने लगी।

**रिश्तेदारियों में तलाश, फिर भी नहीं मिला सुराग**

परिवार के सदस्यों ने अपने स्तर पर आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां पूछताछ की। उसके दोस्तों और जान-पहचान वालों से भी संपर्क किया गया, लेकिन कहीं से भी तरुण के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे परिवार की चिंता और गहरा गई है। सात दिन के बाद परिजनों ने पुलिस थाना शिवाजी कॉलोनी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। ऐसे में उसका अचानक इस तरह लापता हो जाना पूरे परिवार के लिए बड़ा सदमा है।




### मात्र दो साल के सफर में मानसी ने एमेच्योर से लेकर प्रोफेशनल बॉक्सिंग रिंग तक लहराया सफलता का परचम

# किसान की बेटी मानसी पांच माह में बनी देश की नंबर-1 प्रोफेशनल बॉक्सर

प्रोफेशनल बॉक्सिंग सितंबर 2025 में शुरू की, केवल पांच माह में दो फाइट खेली और दोनों ही जीती

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी धाक जमा रही हैं, और इसी कड़ी में एक नया नाम जुड़ा है मानसी। मात्र दो साल के छोटे से सफर में मानसी ने एमेच्योर से लेकर प्रोफेशनल बॉक्सिंग रिंग तक अपनी सफलता का परचम लहराया है। हाल ही में 15 फरवरी को अपनी दूसरी प्रोफेशनल फाइट जीतकर मानसी देश की नंबर-1 बॉक्सर बन गई हैं। वर्तमान में मानसी एमेच्योर बॉक्सिंग और प्रोफेशनल बॉक्सिंग दोनों खेल रही है। प्रोफेशनल बॉक्सिंग सितंबर 2025 में शुरू की थी। केवल पांच माह में प्रोफेशनल की दो फाइट खेली हैं और दोनों जीती हैं।

**खेतों से रिंग तक का सफर**

मानसी के पिता धर्मेंद्र एक किसान हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली मानसी के परिवार में पहले कभी कोई खेल में नहीं रहा। बॉक्सिंग का जुनून उन्हें स्कूल के टीचर से मिला, जिन्हें देखकर उन्होंने रिंग में उतरने का फैसला किया। आर्थिक तंगियों के बावजूद पिता ने कभी मानसी के हौसले को टूटने नहीं दिया और हमेशा तू खेल सकती है कहकर उसका साहस बढ़ाया।

### प्रोफेशनल बॉक्सिंग में धमाकेदार शुरुआत

मानसी ने सितंबर 2025 में प्रोफेशनल बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रखा। केवल 5 महीनों के भीतर उन्होंने दो बड़ी फाइट लड़ीं और दोनों में जीत हासिल की। उनकी इसी मेहनत का नतीजा है कि आज वे राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं।मानसी ने कहा कि मेरी सफलता का पूरा श्रेय मेरे परिवार के अटूट विश्वास और मेरे कोच चीनू के मार्गदर्शन को जाता है। गाँव की अकादमी में अभ्यास करते हुए मैंने जो सीखा, उसी ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया है।

### मानसी की उपलब्धियां

वर्ष 2023 में जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2024 में स्कूली स्टेट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 में स्कूली स्टेट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2025 में स्कूली नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 में यूथ गेम्स में रजत पदक जीता।

## जिमनास्टिक में नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज के रौनक ने हासिल किया प्रथम स्थान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की ओर से आयोजित इंटर-कॉलेज जिमनास्टिक प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का सफल समापन सैनी सह-शिक्षा कॉलेज रोहतक में हुआ। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग (आर्टिस्टिक) में पं० नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के रौनक प्रथम, सुशांत सैनी सह-शिक्षा कॉलेज, रोहतक द्वितीय स्थान और ईशु तृतीय स्थान पर रहे। जिमनास्टिक आर्टिस्टिक (महिला वर्ग) प्रथमः महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, द्वितीय राजकीय महिला पीजी कॉलेज, तृतीय राजकीय कॉलेज, झज्जर रहा। व्यक्तिगत स्पर्धा में महिला रिदमिक वर्ग में आशु (झज्जर) प्रथम, दिव्या (रोहतक) द्वितीय और हैन्सी (रोहतक) तृतीय रहीं। वहीं महिला आर्टिस्टिक में मुस्कान ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय और संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**रोहतक।** विजेता टीम को सम्मानित करते कॉलेज की कार्यकारिणी समिति के प्रधान धर्म सिंह दहिया व डा. शकुंतला बैनीवाल, डायरेक्टर स्पोर्टस मदवि। फोटो : हरिभूमि

## अंडर-15 नेशनल कुश्ती में मोहिनी और दीपांशी ने जीता स्वर्ण पदक

**रोहतक।** अंडर-15 नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु में आयोजित की गई। इसमें मोहिनी 50 किलोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।






वहीं, 58 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांशी ने स्वर्ण पदक जीता है। विजेता खिलाड़ियों की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। दोनों खिलाड़ी जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मंदीप के पास अभ्यास करती है। जिला खेल अधिकारी सुदेश दलाल और कोच मंदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच मंदीप ने बताया कि इससे पहले भी दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। वर्ग में दीपांशी 58 किलो वर्ग में दोनों ने गोल्ड मेडल जीते हैं।

### शहीद राय सिंह रा. कॉलेज सांपला में आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## 200 मीटर रेस में उषा और हर्ष 400 मीटर में विकास रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांपला स्थित शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय सांपला में आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स डायरेक्टर मदवि की डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विद्यार्थियों को खेलों के नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी न केवल अपने संस्थान बल्कि देश का नाम भी रोशन करता है। उन्होंने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश की आन, बान और शान होते हैं तथा खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### छात्राओं के परिणाम

1. शॉट पुटः उषा प्रथम, कीर्ति द्वितीय, शीतल तृतीय
2. लॉन्ग जंपः अंजलि प्रथम, उषा द्वितीय, कीर्ति तृतीय
3. 200 मीटर रेसः उषा प्रथम, करुणा द्वितीय, अंजलि तृतीय
4. जैवलिन थ्रोः तनु प्रथम, अंजलि द्वितीय, शीतल तृतीय

### छात्रों के परिणाम

1. 400 मीटर रेसः विकास प्रथम, यश द्वितीय, हिमांशु तृतीय
2. 200 मीटर रेसः हर्ष प्रथम, दीपक द्वितीय, हिमांशु तृतीय
3. जैवलिन थ्रोः हिमांशु प्रथम, धन सिंह द्वितीय, दीपक तृतीय
4. शॉट पुटः हैप्पी प्रथम, निशु द्वितीय, हिमांशु तृतीय
5. लॉन्ग जंपः हर्ष प्रथम, कार्तिक द्वितीय, यश राठी तृतीय



**रोहतक।** वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित करते स्पोर्ट्स डायरेक्टर मदवि की डॉ. शकुंतला बेनीवाल व प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य।

### समापन समारोह में किया सम्मान

कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा द्वारा किया गया। उनके महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने विद्यार्थियों को खेल नीति और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक विचार साझा किए। अंत में प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य एवं मुख्य अतिथि डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

### जानें... कौनसी प्रतियोगिताएं बनी आकर्षण का केंद्र

प्रतियोगिता के दौरान लॉन्ग जंप, हाई जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर रेस तथा रस्साकसी जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। ये सभी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

## एमडीयू की महिला टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री में तीसरे नंबर पर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की महिला टीम ने कर्नाटक के मुदबिदरी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।एथलेटिक कोच डॉ. रमेश सिंधु ने बताया कि यह प्रतियोगिता मंगलौर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की लगभग 120 विश्वविद्यालयों के 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एमडीयू की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत



की सराहना की। उन्होंने एथलेटिक कोच डॉ. रमेश सिंधु को भी टीम की उत्कृष्ट तैयारी के लिए विशेष रूप से बधाई दी। एमडीयू की टीम में पूजा, ज्योति बाला, अंजली, तनीषा, अंकिता और ज्योति शामिल रहे।

## पठानिया पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने 'किडिज-डे आउट' में मचाया धमाल



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल के प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी कक्षाओं के लगभग 250 बच्चों के लिए वार्षिक परीक्षा से पूर्व 'किडिज डे आउट' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को लघु पिकनिक के रूप में तिलयार चिड़ियाघर का भ्रमण करवाया गया। पिकनिक के दौरान बच्चों ने झूला झूलते, खेल-कूद करते और आंख-मिचौली खेलते हुए भरपूर आनंद उठाया। चिड़ियाघर में भालू, चीता, बंगाल टाइगर, रंग-बिरंगी चिड़िया, लंगूर, बंदर, लोमड़ी, शुतुरमुर्ग, कछुआ, मगरमच्छ और विभिन्न प्रकार के तोते देखकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। इस पिकनिक का आयोजन अध्यापिकाओं रीतू वाधवा, वीना सहगल, नीरज खट्टर, हरलीन गाबा, सुचिता आहूजा, एकता ढल व रश्मि तुली द्वारा किया गया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ नई चीजों को जानने की जिज्ञासा बढ़ाती हैं। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर व हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी भी उपस्थित रहीं।

## दुहन पब्लिक स्कूल के छात्र भारत हुड्डा का एनडीए द्वितीय 2025 में चयन

**रोहतक।** दुहन पब्लिक स्कूल जसिया के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के मेधावी छात्र भारत हुड्डा पुत्र रमेश कुमार, निवासी गांव चमारिया, का चयन एनडीए द्वितीय में हुआ है। इस सफलता ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारत हुड्डा ने 15 जनवरी को 24 एसएसबी, बेंगलुरु में साक्षात्कार दिया, जहां उन्होंने आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 जनवरी को



वे अनुशंसित हुए। इसके बाद 20 जनवरी से 29 जनवरी तक चली मेडिकल प्रक्रिया को भी उन्होंने सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक दुहन ने छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भारत की कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने भारत हुड्डा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे भारतीय सशस्त्र बलों में उत्कृष्ट सेवा देकर देश का मान बढ़ाएंगे।

## स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए एएफआईयू आईडी अनिवार्य

**रोहतक।** मीडिया प्रभारी खेल सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 में होने वाली सभी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप की एंट्री भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की वेबसाइट के द्वारा होगी, इसके लिए सभी खिलाड़ियों को एएफआईयू आईडी बनवानी अति आवश्यक है। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि हरियाणा राज्य में आयोजित होने वाली सभी स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कोई भी ऑफलाइन एंट्री नहीं होगी। हरियाणा राज्य के सभी खेल अभिभावक,खेल प्रशिक्षक एवं एकेडमी संचालक यह सुनिश्चित करें कि आपके एथलीट खिलाड़ियों की समय रहते एएफआईयू आईडी बन जाए। जिन खिलाड़ियों की एएफआईयू आईडी नहीं बनी है,वे सभी एथलीट खिलाडी भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की वेबसाइट **www.indianathletics.in** पर जाकर अपनी यू आई डी बनवाने का कार्य करें, जिससे खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडे। राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के सभी मेरिट सर्टिफिकेट एवं पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर खिलाडी की यू आई डी पर अपलोड किए जाएंगे,जिससे सभी खिलाड़ियों को समयानुसार अपने सर्टिफिकेट की जानकारी ऑन-लॉइन प्राप्त हो सके।

## एमडीयू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत्त होने वाले पांच कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े, जबकि डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट तथा बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता सहरावत, खैराती समेत अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एमडीयू से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी हैं- अशोक मल्होत्रा (सुपरिंटेंडेंट, रिजल्ट-2), मोहन लाल (सुपरिंटेंडेंट, शैक्षणिक शाखा), किरण बाला (डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, बॉटनी विभाग), सुभाष नरवाल (लीगल असिस्टेंट, लीगल सेल) तथा नीरू शर्मा (असिस्टेंट टीचर, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल)। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने ऑनलाइन संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में इन कर्मचारियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने भी अपने संदेश में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों ने भी इस अवसर पर अपने कार्यानुभव साझा किया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## 'रंग शक्ति' में दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'रंग शक्ति' कार्यक्रम आज प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय परिसर में उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक स्टॉल लगाए तथा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अधिकारों का सशक्त संदेश दिया। छात्राओं ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि "'रंग शक्ति' कार्यक्रम और आगामी होली महोत्सव हमें यह संदेश देते हैं कि जैसे रंग आपस में मिलकर सौंदर्य और आनंद का सृजन करते हैं, वैसे ही समाज में समानता, सम्मान और सहयोग से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। नारी शक्ति समाज की आधारशिला है।



**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. धर्मवीर भारद्वाज सहित डॉ. दलबीर कौशिक, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. मनीषा कौशिक, डॉ. कपिल कौशिक, डॉ. ललित शर्मा, डॉ. गीता, डॉ. पूजा, डॉ. मोहन, डॉ. मंजू नांदल, डॉ. नीरज, रोहित कौशिक एवं रवि कौशिक सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## विस में सीएम के जवाबों से विपक्ष निरुत्तरः शमशेर

- **2.75 लाख करोड़ निर्यात, 99.5% रिफॉर्म स्कोर व 75 अधिकारियों पर कार्रवाई का हवाला**

**रोहतक।** शमशेर सिंह खरक ने कहा कि हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष के हर प्रश्न का तथ्यात्मक और ठोस उत्तर देते हुए प्रदेश के विकास की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बहस नारों से नहीं, बल्कि आंकड़ों से जीती जाती है, और सदन में प्रस्तुत आंकड़े स्वयं सरकार की उपलब्धियों का प्रमाण हैं। खरक ने बताया कि बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत हरियाणा ने 99.5 प्रतिशत स्कोर हासिल कर 'टॉप अचीवर' का दर्जा प्राप्त किया है। राज्य का कुल निर्यात 2.75 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है, जिसमें 1.61 लाख करोड़ का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट शामिल है। उन्होंने कहा कि पावर रेगुलेटरी परफॉर्मेंस में हरियाणा को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है और देशभर में आठवां स्थान हासिल हुआ है। राज्य ने 100 में से 88.5 अंक अर्जित कर वित्तीय अनुशासन और उपभोक्ता सेवाओं में सुधार का उदाहरण पेश किया है।

## व्याख्यान स्पर्धा में स्नेहा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में विज्ञान परिषद द्वारा जैव विभाग के सहयोग से विज्ञान दिवस के अवसर पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने रोल ऑफ़ साइंस इन नेशन बिल्डिंग, वूमेन इन साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस एक्सप्लोरेशन, साइंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, क्लाइमेट चेंज एंड साइंटिफिक रिस्पांसिबिलिटी जैसे विषयों पर भाषण दिए। प्राचार्य डॉक्टर शमशेर सिंह ने छात्राओं को इस व्याख्यान प्रतियोगिता से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा, द्वितीय स्थान जानवी, तृतीय स्थान कीर्ति एवं सांत्वना पुरस्कार वंदना को मिला। इस अवसर पर जैव विभागाध्यक्ष डॉ. ममता खोखर, साइंस सोसायटी की संयोजिका डाक्टर मंजू छिक्कारा, डॉक्टर सोनिका, डॉ नेहा, डॉक्टर सोनू, डॉ नविता, डाक्टर सोनिया, इंदु, निशा, नीतिका, रोहित व आकाश मौजूद रहा।

## मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने किया जैसलमेर का शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने जैसलमेर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्रों को सैंड प्ले थेरेपी का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस भ्रमण ने सैद्धांतिक अध्ययन और वास्तविक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को प्रभावी ढंग से कम किया। छात्रों ने वास्तविक परिवेश में सैंड प्ले थेरेपी की प्रक्रिया को समझते हुए जाना कि यह एक प्रभावी अवाचिक उपचार पद्धति है, जिसमें रेत और प्रतीकों के माध्यम से व्यक्ति अपनी भावनात्मक उलझनों को सहज रूप से अभिव्यक्त कर सकता है। इस अनुभव से विद्यार्थियों की विषयगत समझ और पेशेवर आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विशेष रूप से छात्रों ने पाया कि सीमित वाचिक क्षमता वाले छोटे बच्चों के लिए सैंड प्ले थेरेपी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। यह अनुभव नियमित प्रयोगशाला अभ्यास से कहीं अधिक गहन और व्यवहारिक रहा। शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्रों ने जैसलमेर स्थित भारत-पाक सीमा का भी दौरा किया, जो उनके लिए प्रेरणादायक क्षण रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि इस भ्रमण से उन्हें सीमा क्षेत्र के ऐतिहासिक व राष्ट्रीय महत्व की जानकारी मिली और उनमें देशभक्ति, अनुशासन तथा सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता की भावना और सुदृढ़ हुई।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा स्टेट योग एसो. की ऑनलाइन बैठक आज

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन की महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक 28 फरवरी को जूम ऐप के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने जारी बयान में दी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल करेंगी। बैठक में प्रदेश के सभी जिला योगा एसोसिएशनों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा हरियाणा राज्य के सभी राष्ट्रीय योग रेफरी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में 26 अक्टूबर 2025 को फरीदाबाद में आयोजित पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि। 14 एवं 15 मार्च 2026 को पंचकूला में आयोजित होने वाले ऑफलाइन नेशनल रेफरी प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा। 42वीं जूनियर एवं सीनियर हरियाणा राज्य योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के आयोजन का आवंटन। जिला अध्यक्षों की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा होगी।

### दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के कार्यालयाधीक्षक सत्यवान आर्य द्वारा जारी प्रेस-नोट के अनुसार 1 मार्च 2026 (रविवार) को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक पण्डित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन, दयानन्द मठ रोहतक में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे यज्ञ से होगी। सत्संग में आर्यजगत के प्रख्यात वैदिक विद्वान प्रोफेसर भूपसिंह (यूनिवर्सिटी, भिवानी) अपने विचार रखेंगे। भजनोपदेशक के रूप में रामअवतार पुरुषार्थी, सत्यवती आर्या, सत्यनारायण आर्य, राजकुमार आर्य एवं हनुमत आर्य (मकड़ौली) भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान, प्रधान वेदप्रचार मण्डल जिला रोहतक द्वारा किया जाएगा।

### देशहित में संतुलित उर्वरक उपयोग पर संगोष्ठी

**रोहतक।** देश की सहकारी कंपनी इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) द्वारा रोहतक के एक निजी होटल में उर्वरक विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। उद्देश्य किसानों में संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य वक्ता पूर्व संयोजक कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के कृषि वैज्ञानिक डॉ. जय कंवर नांदल ने कहा कि नाइट्रोजन के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। उन्होंने एनपीके के संतुलित उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों और जैव उर्वरकों पर जोर दिया। आईपीएल प्रतिनिधि दीपक शर्मा ने पोटाश सहित संतुलित उर्वरकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 50 रिटेलर्स शामिल हुए और किसानों तक संतुलित पोषण का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

एचबीएसई परीक्षा

# 12वीं के राजनीतिक विज्ञान के पेपर में पांच नकलची पकड़े

**लाखन माजरा केंद्र पर 2, हिसार रोड कन्या विद्यालय केंद्र पर 2 व रिटौली के केंद्र पर 1 यूएमसी बनी, जिले में 45 केंद्रों पर हुई परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के 45 केंद्रों पर एचबीएसई 12वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। शुक्रवार को राजनीतिक की परीक्षा में पांच यूएमसी की गई। इसमें लाखन माजरा केंद्र पर 2 यूएमसी हिसार रोड कन्या विद्यालय केंद्र पर 2 यूएमसी और रिटौली के केंद्र पर 1 यूएमसी बनाई गई। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 4274 विद्यार्थियों में से 4221 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 53 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के बाद विद्यार्थी काफी खुश नजर आए। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर बहुत आसान आया हुआ था। पेपर के बाद विद्यार्थियों ने होली भी खेली।

**सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे**

जिला प्रशासन द्वारा इन परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किए गए है तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान उड़नदस्ते निरंतर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया तथा अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरान दौरा किया तथा प्रबंधों को जांचा।



रोहतक। परीक्षा केंद्र से बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 70 नंबर जरूर आ जाएंगे



राजनीतिक विज्ञान का पेपर था और पेपर बहुत अच्छा हो गया। 80 अंक का पेपर था। सभी प्रश्न एनसीआरटी के आए हुए थे। लगभग 70 नंबर जरूर आ जाएंगे। -अवनी, छात्रा

### एक-दो प्रश्नों में समय लगा



पेपर बहुत आसान आया था। भारत और पाकिस्तान के युद्ध से संबंधित प्रश्न आए हुए थे। मैं सभी प्रश्न करके आई हूं। एक-दो प्रश्न में थोड़ा सा समय लगा। -सपना, छात्रा

### पेपर बहुत अच्छा हुआ



पेपर बहुत अच्छा हुआ है। सभी प्रश्न एनसीईआरटी में से आए हुए थे। मैंने पेपर पूरा किया है और समय से पहले ही हो गया था। -सिमरन, छात्रा

### मैंने अच्छे से की थी तैयारी



भारत व पाकिस्तान में कैसे समझौता हुआ, राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों से संबंधित प्रश्न आए थे। मैंने तैयारी अच्छे से की थी, तो पेपर भी बहुत अच्छा हुआ है। -रेनू, छात्रा

सीएम से मिलने पर शुरू हुआ था कार्य, सेक्टर-4 एक्सटेंशन में 600 मीटर सीवर लाइन अटकी

# 3 हजार की आबादी परेशान, ठेकेदार ने काम छोड़ा, एचएसवीपी पर सवाल

कई जगह मैनहोल खुले पड़े, इससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है और गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





सेक्टर-4 एक्सटेंशन में करीब 3000 की आबादी पिछले एक वर्ष से अधूरी सीवर लाइन के कारण भारी परेशानी झेल रही है। 600 मीटर लंबी नई सीवर लाइन बिछाई जानी थी, लेकिन काम बार-बार शुरू होकर रुक जाता है। हालात यह हैं कि कई जगह मैनहोल खुले पड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है और गंदे पानी की निकासी भी प्रभावित हो रही है। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार शुरुआत में समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इसके बाद संबंधित विभाग हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा काम शुरू कराया गया। ठेकेदार ने कुछ दिन तक पाइप डालने और खुदाई का कार्य किया, लेकिन अचानक काम बंद कर दिया गया। लोगों ने जब अधिकारियों से दोबारा संपर्क किया तो काम फिर से शुरू हुआ, जिससे उम्मीद जगी कि अब समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। मगर कुछ दिन बाद एक बार फिर निर्माण कार्य रोक दिया गया। आरडब्ल्यूए प्रधान सुखबीर माथुर ने बताया कि उन्होंने एसडीओ से बातचीत की तो जवाब मिला कि ठेकेदार ने आगे काम करने से मना कर दिया है। यह सुनकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि ठेकेदार काम छोड़ता है तो विभाग को तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि जनहित के कार्य में देरी न हो।

### खुले मैनहोल बने खतरा

अधूरी खुदाई और खुले मैनहोल से हादसों का डर बना हुआ है। रात के समय और बरसात में स्थिति और गंभीर हो जाती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा है। कई बार बदबू और गंदगी के कारण आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो जाता है।

### एक साल से शिकायतें बेअसर

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि वे पिछले एक साल से लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन ठोस समाधान नहीं हुआ। बार-बार आश्वासन मिलता है, पर काम की रफ्तार वही ढाक के तीन पात वाली स्थिति में है। लोगों का कहना है कि वे समय पर सभी टैक्स और शुल्क अदा करते हैं, फिर भी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

*स्थायी समाधान की मांग:* आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि 600 मीटर सीवर लाइन का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और खुले मैनहोल को तुरंत ढका जाए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी समस्या न खड़ी हो। जब तक विभाग ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक सेक्टर-4 एक्सटेंशन के हजारों लोगों की परेशानी कम होती नजर नहीं आ रही।


रोहतक। निर्माण कार्य के लिए आई मशीनें। फोटो : हरिभूमि

छात्रों और व्यापारियों ने जताया आभार

## मॉडल टाउन-पावर हाउस की सड़कों को मिली नई राह, निर्माण कार्य शुरू

**17 फरवरी की खबर के बाद प्रशासन हरकत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मॉडल टाउन और पावर हाउस क्षेत्र की उखड़ी सड़कों को लेकर 17 फरवरी को प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। लंबे समय से गड्ढों, उखड़ी परत और उभरी बजरी से जूझ रहे इस कॉलेज-कोचिंग हब में अब राहत की उम्मीद जगी है। इस क्षेत्र में छोटूराम पॉलिटेक्निक, नेकिराम कॉलेज और जाट शिक्षण संस्था सहित सैकड़ों कोचिंग सेंटर संचालित हैं। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं यहां पढ़ाई के लिए आते-जाते हैं। खराब सड़कों के कारण उनका सफर जोखिम भरा हो गया था। दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से फिसलन और गड्ढों के कारण दुर्घटना के डर में रहते थे।

स्थानीय निवासियों और संगठनों की शिकायतों के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। अब सड़क की परत हटाकर दोबारा मजबूती से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अस्थायी पैबंद के बजाय पूरी सड़क को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, ताकि लंबे समय तक समस्या न उभरे। निर्माण कार्य शुरू होने से छात्रों, अभिभावकों और व्यापारियों में संतोष है। छात्रों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण न केवल समय बर्बाद होता था, बल्कि सुरक्षा भी खतरे में रहती थी। कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे कोचिंग और कॉलेज पहुंचने में देरी हो जाती थी।

दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि टूटी सड़क के कारण ग्राहक आने से कतराते थे और वाहनों को नुकसान होने से लोग शिकायत करते थे। अब उम्मीद है कि नई सड़क बनने से क्षेत्र की रौनक लौटेगी।

### तय समय में कार्य पूरा होने की उम्मीद

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया है कि खबर प्रकाशित होने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा होगा। नागरिकों की मांग है कि भविष्य में भी नियमित निगरानी और समय-समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि मॉडल टाउन-पावर हाउस क्षेत्र अपनी पहचान के अनुरूप एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित शैक्षणिक केंद्र बन सके।

हरिभूमि इंपेक्ट

## औद्योगिक क्षेत्रों पर फोकस करें अधिकारी: डीसी

**लघु सचिवालय स्थित सभागार में हुई औद्योगिक एसोसिएशनों एवं संबंधित विभागों की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में औद्योगिक एसोसिएशनों एवं संबंधित विभागों की बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता।

डीसी सचिन गुप्ता ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर की सभी आईएमटी क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि उद्योग-अनुकूल एवं सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए शहर के तीनों इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) क्षेत्रों में अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु एक व्यापक एवं समयबद्ध रोडमैप तैयार किया गया है। उपायुक्त गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में औद्योगिक एसोसिएशनों एवं संबंधित विभागों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा एचएसआईआईडीसी, नगर निगम, पुलिस, विद्युत विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। शहर की हिसार रोड स्थित आईडीसी, आईडीसी कुताना तथा आईएमटी में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## परीक्षा का तनाव कम करने व स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए बच्चे योग करें

**रोहतक।** सीबीएसई और एचबीएसई की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। परीक्षा को लेकर बच्चों में तनाव, चिंता और बेचैनी बढ़ना आम बात है। इसके अलावा अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं भी चल रही हैं या शीघ्र शुरू होने वाली हैं। बच्चों का परीक्षा से पहले और परीक्षा के दिनों में तनाव में रहना स्वाभाविक है। योग विशेषज्ञ डॉ. जनक राज के बताया कि परीक्षा के तनाव को कम करने, मानसिक एकाग्रता बढ़ाने, आत्मविश्वास मजबूत करने और स्मरण शक्ति तेज करने का सबसे सरल और कारगर माध्यम योगाभ्यास और प्राणायाम हैं। उन्होंने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, हल्की योग एक्सरसाइज और पॉजिटिव थिंकिंग का नियमित अभ्यास बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है। इन सरल अभ्यासों के माध्यम से बच्चे तनाव मुक्त रहते हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और स्मरण शक्ति तेज होती है। यदि बच्चे प्रतिदिन केवल 20-40 मिनट इन अभ्यासों के लिए दें, तो परीक्षा के दौरान तनाव बहुत कम होगा। भले ही पूरा एक घंटा न हो, थोड़ी देर का अभ्यास भी काफी फायदेमंद साबित होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

बरसाती पानी निकासी के लिए पहले फेज में 30.16 करोड़ की 10 योजनाएं मंजूर

# महम के गांवों को मिलेगी बाढ़ से मुक्ति, सरकार ने तैयार की 112.56 करोड़ की 44 योजनाएं

- सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया, 30.16 करोड़ खर्च करने के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी

राज कुमार नरवाल ▶▶ महम

भले ही हलका महम में भारतीय जनता पार्टी का विधायक नहीं है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर काफी गंभीर है। इस हलके से कांग्रेस पार्टी के बलराम दांगी विधायक हैं। पिछले मानसून सीजन में महम के अनेक गांव बाढ की चपेट में आ गए थे। कई गांवों में तो अब भी बारिश का पानी जमा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था और महम में भी नुकसान का जायजा लेने पहुंचे थे। प्रदेश सरकार ने इलाके के लोगों को बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिए 44 योजनाएं तैयार की हैं। ताकि बारिश के पानी का स्थाई समाधान हो सके। इन 44 योजनाओं पर 112.56 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

इन सभी स्कीमों को फेज वाइज पूरा किया जाएगा। पहले फेज में महम क्षेत्र के गांवों में बरसाती पानी निकासी के लिए 10 स्कीमों को मंजूरी दे दी है। इन दस योजनाओं पर 30.16 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी प्रदेश की सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने वर्तमान में चल रहे हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न नंबर 22 का जवाब देते हुए दी है। इस प्रश्न में महम के विधायक बलराम दांगी ने मंत्री से पूछा था कि सरकार ने महम हलके में आई बाढ़ के बचाव के लिए क्या स्थाई समाधान किया है। जिस तरह से मंत्री ने जानकारी दी है उससे लगता है कि यदि जल्द ही इन योजनाओं पर काम शुरू किया गया तो लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने माना कि महम हलके में पिछले लंबे समय से ड्रेनेज और बरसाती पानी निकासी के स्थाई समाधान को लेकर काम नहीं हुआ था। महम में कई गांव ऐसे हैं, जहां पर लॉ लाइन एरिया है, जिसमें 10 गांवों में पानी का ज्यादा खतरा है।

### पेयजल संकट से मिलेगी निजात, 81 करोड़ की योजना मंजूर

*नगर पालिका महम क्षेत्र में बसने वाले लोग पिछले कई दशक से गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल आपूर्ति के मामले में महम शहर के हालात गांवों से भी बदतर हैं। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां चार पांच दिन में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। कई बार तो घरों में गंदा पानी भी आता है। लेकिन जिस तरह सरकार ने शहर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए योजना तैयार की है, उससे लगता है कि आने वाले समय में लोगों को पेयजल संकट सेस निजात मिल जाएगी। स्थानीय नेता शमशेर खरकड़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व महम में पानी की समस्या के समाधान के लिए एक योजना को तैयार किया गया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। प्रदेश सरकार ने पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 81 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की है। इस योजना के तहत शहर की सभी कॉलोनियों में पाइप लाइन बिछाई जाएंगी। कई कॉलोनियां बाद में मंजूर हुई हैं। शहर में जिन गलियों में पहले पाइल लाइन नहीं बिछाई गई है, उन गलियों में पाइप लाइन बिछाई जाएगी। महम चीनी मिल के पास स्थित शहर के द्वितीय जलघर से शहर में स्थित प्रथम जलघर तक 26 इंची पाइप लाइन बिछाई जाएगी। सिंघवा गांव के पास से गुजर रही जुई फीडर से पानी द्वितीय जलघर में इकट्ठा किया जाएगा। उसके बाद इस पाइप लाइन के जरिए प्रथम जलघर में आएगा। पहले बहलबा माइनर में पानी न पहुंचने से प्रथम जलघर तक नहरी पानी नहीं पहुंचता था। अब इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। दोनों जलघरों को पर्याप्त नहरी पानी मिलता रहेगा।*

### बुस्टिंग स्टेशनों में लगाई जाएंगी नई मोटरें

द्वितीय जलघर के दोनों वाटर टैंकों को आरसीसी का बनाया जाएगा। जलघरों और शहर के बुस्टिंग स्टेशनों में नए पंप सेट और नई मोटरें लगाई जाएंगी। बिजली लाइनों और सड़कों की तोड़फोड़ का हर्जाना भी जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित विभागों को दिया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सुरजीत मलिक ने बताया कि उन्होंने यह योजना मंजूरी के लिए पंचकूला मुख्यालय को भेजी हुई है। पता चला है कि उनकी योजना को सरकार से मंजूरी मिल गई है। लेकिन अभी तक उनके पास मंजूरी के दस्तावेज नहीं पहुंचे हैं।


रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

पटियाला में 'गधे की बारात' ने जमाया रंग

## 350वीं प्रस्तुति में सामाजिक और राजनीतिक व्यंग्य से दर्शक मंत्रमुग्ध

**रोहतक।** दो दिवसीय वसंत ऋतु रंग नाट्य महोत्सव का समापन प्रसिद्ध हास्य नाटक 'गधे की बारात' की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। यह महोत्सव नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया। जाने-माने थिएटर प्रमोटर विश्व दीपक त्रिखा के निर्देशन में मंचित इस नाटक की 350वीं प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। मूल रूप से मराठी साहित्यकार हरिभाई वड़गांवकर द्वारा लिखित और हिंदी में रूपांतरित इस नाटक ने पौराणिक कथा के माध्यम से अमीर-गरीब के अंतर और सामाजिक विसंगतियों पर तीखा व्यंग्य किया। हास्य से भरपूर प्रस्तुति ने जहां दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर किया, वहीं अंत में संवेदनात्मक संदेश भी दिया। अविनाश सैनी ने कल्लू कुम्हार की भूमिका में प्रभावशाली अभिनय किया। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, तरुण पुष्प त्रिखा, जगदीप जुगनू, रिंकी बतरा व अन्य कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। नगाड़ा वादक सुभाष नगाड़ा के संगीत ने मंचन को और प्रभावी बनाया। आयोजकों ने बताया कि यह नाटक भारत सहित लाहौर में भी मंचित हो चुका है और 350 प्रस्तुतियों का आंकड़ा पार कर चुका है।